दिनांक 7 दिसंबर 2022 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

निगम आयुक्त रोहित व्यास ने किया कृष्णा नगर वार्ड क्षेत्र का औचक निरीक्षण, कई स्थानों पर नालियों से अतिक्रमण हटाने के दिए निर्देश, मलबा बिखेरकर सड़क बाधा करने वालों को दी हिदायत

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त रोहित व्यास ने आज अल सुबह नेहरू नगर जोन क्षेत्र के कृष्णा नगर मोहल्ले का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्हें कई स्थानों पर नालियों में अतिक्रमण की स्थिति देखने को मिली। बलराम चौक के पास, मिलन चौक के पास, ईश्वर चौक के पास नालियों में अतिक्रमण पाया गया, जिसके कारण नालियों की सफाई में अवरोध उत्पन्न हो रहा है। इन अतिक्रमण को हटाकर नालियों की वृहद सफाई कराने के निर्देश आयुक्त ने अधिकारियों को दिए। कुछ लोगों ने तो नाली के ऊपर कबाड़ तथा अपनी घरेलू सामग्री भी रखी थी , इसे भी हटाने के निर्देश निरीक्षण के दौरान दिए गए। इधर मलबा बिखेरकर सड़क बाधा करने वालों को, सड़क किनारे से मलबा हटाने की हिदायत दी गई, नहीं हटाने वालों पर मलबा जब्ती के साथ ही जुर्माना की कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। कृष्णा नगर के निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने पाइपलाइन की स्थिति देखी , उन्होंने कहा कि पाइपलाइन लीकेज की समस्या कहीं भी उत्पन्न न हो , इसका विशेष ध्यान रखें, जहां भी पाइप लाइन के लीकेज का मामला संज्ञान में आए इसका तत्काल संधारण कराने उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए। वार्ड के कुछ स्थानों पर आयुक्त ने पानी निकासी के लिए नाली व्यवस्था सुदृण करने के निर्देश दिए हैं। आयुक्त ने स्थानीय निवासियों से भी चर्चा की तथा उनसे फीडबैक लेकर उनकी समस्याओं से भी अवगत हुए तथा समाधान योग्य मुद्दों के लिए अधिकारियों को उचित निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पशु मालिक अपने मवेशियों के चारा पानी की व्यवस्था अपने निवास के दायरे के भीतर ही करें तथा मवेशियों को खुले में न छोड़े। कृष्णा नगर में आयुक्त ने पुल की भी स्थिति देखी तथा अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान नेहरू नगर के जोन आयुक्त राजेंद्र नायक , सहायक अभियंता आलोक पसीने एवं जोन स्वास्थ्य अधिकारी अंकित सक्सेना आदि मौजूद रहे।